भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2345**

उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

## कोल्हापुर संभागीय खेल परिसर का विकास

**2345. श्री शाहू शहाजी छत्रपती :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कोल्हापुर के शेंडा पार्क स्थित छत्रपति संभाजी महाराज संभागीय खेल परिसर - जो कोल्हापुर, सांगली, सतारा, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग सहित पांच जिलों की जरूरतों को पूरा करता है, वर्ष 2014 में इसके उद्घाटन के एक दशक से भी अधिक समय बाद काफी हद तक अधूरा पड़ा है, जिसमें स्विमिंग पूल पिछले बारह वर्षों से निष्क्रिय है तथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कुश्ती और इनडोर खेल सुविधाएं अभी तक राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हैं;

(ख) 175 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत की तुलना में उक्त परिसर के लिए जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है तथा इसके पूरा होने में अत्यधिक देरी के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सभी लंबित सुविधाओं को पूरा करने के लिए कोई समयबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है; और

(घ) कोल्हापुर संभाग के एथलीटों को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रीय खेलों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए उक्त परिसर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास, जिसमें खेल परिसरों का सुधार एवं उन्नयन भी शामिल है, की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।

केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करते हुए उनके प्रयासों में सहायता प्रदान करती है। संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आने वाली देशभर की विभिन्न खेल अवसंरचनाओं का विवरण इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखा जाता है।

****